मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-61
19/02/2024

मुख्यमंत्री ने आई0आई0टी0 पटना का किया परिभ्रमण, फेज– 2 के अन्तर्गत नवनिर्मित भवनों का लिया जायजा

पटना, 19 फरवरी 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज आई0आई0टी0 बिहटा, पटना का परिभ्रमण कर नवनिर्मित भवनों का जायजा लिया। आई0आई0टी0 बिहटा पटना के प्रबंधन द्वारा प्रजेंटेशन के माध्यम से दूसरे फेज के तहत नवनिर्मित रेशिडेंसियल जोन, एकेडमिक जोन, स्पॉर्टस जोन, हॉस्टल जोन आदि के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी गई। 20 फरवरी को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से बिहटा स्थित आई0आई0टी0 पटना के परिसर में नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण किया जाएगा। फेज 2 के तहत लोकार्पित होने वाले नवनिर्मित 24 भवनों का निर्माण 1 लाख 7 हजार 761 वर्ग फीट में कराया गया है जिसकी कुल लागत 426 करोड़ रुपये है। कल लोकार्पित होने वाले नवनिर्मित भवनों में शैक्षणिक भवन, गर्ल्स हॉस्टल, ब्वॉयज हॉस्टल, सेंट्रल लाइब्रेरी, ऑडिटोरियम, सेंट्रल लेक्चर हॉल, स्टूडेंट एक्टीविटीज सेंटर, सीनियर प्राध्यापक, फैकल्टी मेम्बर्स के आवासन सहित अन्य भवन शामिल है। आई0आई0टी0 पटना के चेयरमैन डॉक्टर आनंद देश पांडे ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री ने वर्ष 2007 में भारत सरकार के तत्कालीन मानव संसाधन मंत्री से मिलकर पटना में आई0आई0टी0 के स्थापना के लिए विशेष आग्रह किया था, जिसे स्वीकार करते हुए अगले ही वर्ष 2008 में आई0आई0टी0 पटना की स्थापना कर दी गई। प्रारंभ में इसके संचालन के लिए पाटलीपुत्र पॉलिटेकनिक संस्थान परिसर में आवश्यक व्यवस्था की गई थी। इसके स्थाई परिसर के लिए बिहार सरकार द्वारा बिहटा में 500 एकड़ भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। मूलभूत शैक्षणिक एवं प्रशासनिक भवनों का निर्माण होने पर वर्ष 2012 में यह संस्थान बिहटा के स्थाई परिसर में हस्थानांतरित हो गया। आई0आई0टी0 पटना के परिसर में दूसरे फेज के तहत अन्य नवनिर्मित भवनों का कल प्रधानमंत्री द्वारा लोकार्पण किया जाएगा ताकि अधिक बेहतर ढंग से इसका संचालन हो सके।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री सचिवालय के विशेष सचिव श्री चंद्रशेखर सिंह, पटना जिलाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित आई0आई0टी0 पटना के प्रध्यापकगण, अधिशासी परिषद के सदस्यगण एवं अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******